एमएमएमयूटी में एमटेक व पीएचडी की प्रवेश परीक्षा तिथि बदली

गोरखपुर : मदन मोहन मालवीय मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर में नए शैक्षिक सत्र की प्रवेश परीक्षा तिथि में आंशिक बदलाव हुआ है। कुलसचिव ने बताया कि 17 मई को लखनऊ में प्रस्तावित एमटेक व पीएचडी की प्रवेश परीक्षाएं अब 28 मई को होंगी। जबकि बीटेक, एमबीए, व एमसीए पाठ्यक्रमों का प्रवेश परीक्षा पूर्व घोषित 17 मई को ही होंगी। दरअसल 17 मई को विभिन्न विश्वविद्यालयों के बीटेक अंतिम वर्ष की सेमेस्टर परीक्षाएं प्रस्तावित हैं। जिसके चलते प्रवेशार्थियों की ओर से एमटेक व पीएचडी की प्रवेश परीक्षा तिथि में बदलाव की अपील की गई थी। एमएमएम प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में नए सत्र के लिए प्रवेश आवेदन 10 अप्रैल तक किए जा सकते हैं।

प्रांतीय पदाधिकारियों के निर्णय से रोष

गोरखपुर: उत्तर प्रदेश मिनिस्ट्रीयल कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ की गोरखपुर इकाई ने प्रांतीय पदाधिकारियों के उस निर्णय पर रोष व्यक्त किया है जिसमें दो लोगों को संयोजक व सह संयोजक नामित कर दिया गया है।

संघ के मंडल अध्यक्ष अशोक गुप्ता ने प्रांतीय अध्यक्ष व महामंत्री को भेजे पत्र में कहा है कि इस निर्णय से उन्हें अवगत नहीं कराया जाना हैरानी की बात है। उन्होंने निर्णय को तत्काल बदलने की मांग की है।